Date:- 25-02-2024
Dainik Bhaskar, Page-03, Surat

मेट्रो प्रोजेक्ट • सड़क बनने व बैरिकेडिंग हटाने से राहगीरों को मिलेगी राहत

एलिवेटेड रूट पर जहां गर्डर लॉन्च किए जा चुके, वहां की सड़कों की होगी मरम्मत

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो परियोजना के एलिवेटेड रूट में जहां गर्डर लॉन्च कर दिए गए हैं, वहां नीचे की सड़क की मरम्मत करने का आदेश जारी किया गया है। इसके लिए गुजरात मेट्रो रेल प्रशासन ने एक टेंडर भी जारी किया है, ताकि मेट्रो परियोजना से प्रभावित सड़क और उनके गड्ढों को भरने का काम पूरा किया जा सके।

जहां-जहां मेट्रो लाइन के एलिवेटेड गर्डर लांच कर दिए गए हैं, वहां उनके नीचे आने जाने वाले राहगीरों और उनके वाहनों के लिए सड़क की मरम्मत करने को कहा गया है। बता दें कि भटार, कादरशाह की नाल और रुपाली कैनाल में गर्डर लॉन्च कर दिए गए हैं। मेट्रो लाइन-1 में ड्रीम सिटी से कादरशाह की नाल के बीच 11 किमी एलिवेटेड रूट और चौक बाजार से कापोद्रा के बीच 6 किमी अंडरग्राउंड रूट पर प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत काम तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। लाइन-1 में सबसे पहले ड्रीम सिटी से लेकर कापोद्रा तक कुल 18.66 किमी लाइन का काम इस साल 2024 दिसंबर तक पूरा किया जाना है। ड्रीम सिटी से लेकर कादरशाह की नाल के बीच 11 किमी एलिवेटेड रूट ओर अलथान टेनामेंट-अलथान गाम के बीच अब तक 600 मीटर से ज्यादा एलिवेटेड वायडक्ट बना लिया गया है। इसी के साथ अब मेट्रो प्रशासन द्वारा ट्रैक कार्य से पहले जरूरी रेलिंग बैरियर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है।

मजूरा-अडाजण-भेसान रूट पर भी सड़क की मरम्मत होगी

मेट्रो प्रोजेक्ट के चलते पिलर एरिया के आस-पास डिवाइडर को भी ठीक करने का निर्देश दिया गया है। यहीं नहीं बल्कि लाइन-2 में मजूरा-अडाजण-भेसान रूट पर भी सड़क की मरम्मत की जाएगी। इन कार्यों को पूरा करने में लगभग 16 करोड़ रुपए लगेंगे। बता दें कि कहीं-कहीं काम पूरे कर भी दिए गए हैं।